# DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY
## LIBRARY
## PRESS CLIPPING SERVICE

NAME OF NEWSPAPERS दैनिक जागरण नई दिल्ली, 8 नवंबर, 2022 --DATED----------------------


# तीन साल बाद भी सरकार ने नहीं बनवाया गुरु रविदास मंदिर : अनिल चौधरी



तुगलकाबाद स्थित गुरु रविदास मंदिर स्थल का दौरा करते दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अनिल चौधरी • सौ. कांग्रेस प्रदेश कार्यालय

**जागरण संवाददाता, दक्षिणी दिल्ली** : दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अनिल चौधरी ने कहा कि तुगलकाबाद में 1509 में बने संत शिरोमणि गुरु रविदास मंदिर को भाजपा और आम आदमी पार्टी ने मिलकर डीडीए से तुड़वाया। कांग्रेस के प्रयास के बाद सुप्रीम कोर्ट ने सरकार द्वारा मंदिर के पुनर्निर्माण का आदेश तीन साल पहले दिया था।

कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने सोमवार को दौरा कर बताया कि वहां मंदिर के नाम पर एक ईंट तक नहीं लगाई गई है। उनका आरोप है कि मंदिर के पुख्ता सुबूतों को सरकार यदि कोर्ट में पेश करती तो यह मंदिर तोड़ने से बचाया जा सकता था। गुरु रविदास मंदिर बनाने के लिए एक समिति बनाई गई थी, जिसमें भाजपा के दो सांसद थे। उन्होंने कहा कि क्या कारण रहे, भाजपा व आप के जनप्रतिनिधियों ने प्राचीन संत रविदास मंदिर बनाने के लिए कोई प्रयास नहीं किए। दिल्ली सरकार ने चांदनी चौक में हनुमान मंदिर और महरौली मे चर्च तुड़वाकर दिल्लीवालों की धार्मिक भावनाओं को आहत किया है। कांग्रेस तुगलकाबाद में गुरु रविदास बनवाने के लिए दलित समुदाय की लड़ाई लड़ेगी।

DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY
LIBRARY
PRESS CLIPPING SERVICE

Hindustan Times NEW DELHI WEDNESDAY NOVEMBER 09, 2022 ----DATED----

# For BJP, housing for poor a key poll plank

Risha Chitlangia
risha.chitlangia@htlive.com

**NEW DELHI:** Bharatiya Janata Party (BJP) leaders on Sunday said they hoped the allotment of flats to slum residents of Kalkaji Extension's Bhoomiheen Camp by Prime Minister Narendra Modi will provide a fillip to the party's prospects ahead of the municipal election scheduled for December 4.

They added that in-situ rehabilitation for slum residents will be a key election issue for the party, as it plans to inform people how the Modi-led central government has delivered on its "Jahan Jhuggi, Wahan Makan" promise, while the Aam Aadmi Party (AAP) has allegedly failed to do so.

According to Delhi BJP chief Adesh Gupta, no government has been able to provide the Capital's slum residents with housing for the past four decades. "However, the Modi government has delivered on its promise. Well-ventilated, multi-storeyed flats have been allotted to people to help them live with dignity in a safe and hygienic environment."

Training his guns at Delhi chief minister Arvind Kejriwal, who also promised in-situ rehabilitation for slum residents in Delhi in his poll manifesto for the 2020 assembly elections, Gupta said, "For the past decade, close to 40,000 flats have been constructed in Narela and other parts of the city under the Rajiv Awas Yojana. But these are lying vacant–the Kejirwal government is not allotting it to poor people."

A spokesperson for the AAP declined comment.

Meanwhile, the BJP is organising trips for slum residents of other municipal wards to the newly inaugurated housing complex at Kalkaji Extension. Delhi BJP vice-president Sunil Yadav, who contested against Kejriwal in 2020 assembly elections, said, "We have asked all district presidents and party workers to show these flats to people from other slum clusters in Delhi. People from Vasant Kunj and other south Delhi wards visited yesterday (Saturday). Today (Sunday), slum residents from Moti Nagar assembly constituency and Mehrauli came to see the flats. This way they will get to know what the Modi government has done for them."

> BJP IS ORGANISING TRIPS FOR SLUM RESIDENTS OF OTHER MUNICIPAL WARDS TO THE NEW HOUSING COMPLEX AT KALKAJI EXTN

Yadav said that arrangements for tea and food were made at Kalkaji Extension, and party workers were asked to arrange buses or other transport to get people to the site.

"This is a huge step by the Centre. This has given people hope that they too can get a flat. We will reach out to people and tell them that while other parties have only promised, we have delivered," said Abhay Verma, BJP MLA from Laxmi Nagar and Delhi BJP spokesperson.

The in-situ rehabilitation project at Kalkaji Extension, which is being executed in a phased manner by the Delhi Development Authority, was conceived in 2011 and the foundation stone was laid by the then chief minister of Delhi, Sheila Dikshit. After coming to power in Delhi in 2015, the Aam Aadmi Party (AAP) released the Delhi Slum and JJ Cluster Rehabilitation and Relocation Policy, 2015, which focused on in-situ rehabilitation for slum residents.

According to Census 2011, 10.77% of Delhi's population lives in slum clusters. Of the 675 slum clusters in Delhi, 376 are on DDA and central government land.

Ahead of the 2020 polls, the Centre released the PM-UDAY scheme to give ownership rights to residents of Delhi's 1,731 unauthorised colonies. The BJP won just eight assembly seats in 2020, while the AAP won the remaining 62.

नवभारत टाइम्स । नई दिल्ली । बुधवार, 9 नवंबर 2022

## संदिग्ध हालात में गिरने से युवक की मौत

■ विस, नरेला : नरेला इलाके में कंस्ट्रक्शनन साइट पर संदिग्ध हालात में एक मजदूर की गिरने से मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए मोर्चरी में रखवाया। पुलिस मामला दर्ज कर जांच कर रही है। पुलिस के मुताबिक, मृतक की पहचान 20 वर्षीय किशन कुमार के रूप में हुई है। वह बेगूसराय, बिहार के रहने वाले थे। वह सिघोला गांव में किराए पर रहते थे। जांच में पता चला सेक्टर A1 ब्लॉक A4, नरेला डीडीए की फ्लैट कंस्ट्रक्शन का काम चल रहा है। यहां प्राइवेट कंपनी के जरिए काम चल रहा है।

हिन्दुस्तान नई दिल्ली, बुधवार, 9 नवंबर 2022

## 13वीं मंजिल से गिरकर मजदूर की मौत

नई दिल्ली, वरिष्ठ संवाददाता। नरेला इलाके में निर्माणाधीन 13वीं मंजिल से गिरकर 22 वर्षीय श्रमिक की मौत हो गई। घटना मंगलवार सुबह की है। पुलिस फिलहाल इसे आत्महत्या और दुर्घटना को ध्यान में रखकर मामले की जांच कर रही है।

जानकारी के अनुसार नरेला इलाके में डीडीए की आवासीय परियोजना के तहत फ्लैट्स का निर्माण कार्य चल रहा है। इसका ठेका बीजी शिर्के कम्पनी के पास है। बताया जाता है कि मंगलवार सुबह दो मजदूर मनीष और किशन काम करने के लिए सीढ़ियों से ऊपर जा रहे थे। मनीष ने बताया कि वह रुक गया, लेकिन किशन 13वीं मंजिल पर चला गया। कुछ देर बाद किशन नीचे गिर गया। गम्भीर रूप से घायल हालत में मनीष ने किशन को राजा हरिश्चंद्र अस्पताल में भर्ती कराया, लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। किशन कुमार बिहार के बेगुसराय जिले का रहने वाला था।

**DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY**
**LIBRARY**
**PRESS CLIPPING SERVICE**

नई दिल्ली। मंगलवार • 8 नवम्बर • 2022 राष्ट्रीय सहारा

## गुरु रविदास के प्राचीन मंदिर को भाजपा व केजरीवाल ने तुड़वाया : चौ. अनिल

**नई दिल्ली (एसएनबी)।** दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष चौधरी अनिल कुमार ने आरोप लगाया है कि तुगलकाबाद में 1509 में बने संत शिरामणि गुरु रविदास मंदिर को भाजपा और आप ने मिलकर डीडीए के जरिए तुड़वाया।



उन्होंने कहा कि दलित समुदाय की धार्मिक आस्था का प्रतीक यह प्रचीन रविदास मंदिर के पुख्ता सबूतों सरकार यदि कोर्ट में पेश करती तो यह मंदिर तोड़ने से बचाया जा सकता था, परंतु धर्म की ठेकेदार पार्टियों ने अपनी संकीर्ण दलित विरोधी नीतियों और विचारधारा को उजागर करते हुए मंदिर को बचाने के लिए कुछ नहीं किया।

उन्होंने कहा कि तुगलकाबाद में गुरु रविदास मंदिर बनाने के लिए एक समिति बनाई गई थी जिसमें भाजपा के दो सांसद शामिल थे। उन्होंने पूछा कि क्या कारण रहा कि भाजपा और आम आदमी पार्टी के जनप्रतिनिधियों ने प्राचीन संत रविदास मंदिर बनाने के लिए कोई प्रयास नही किए।

उन्होंने कहा कि मौके और धर्म की राजनीति करने वाली पार्टियां सत्ता में रहते हुए भी दलितों के शिरोमणि संत रविदास का मंदिर बनाने का कोई प्रयास ही नही किया गया।

पंजाब केसरी DELHI 8 नवम्बर, 2022 ▸ मंगलवार

## अनिल चौधरी ने संत रविदास मंदिर का दौरा किया



**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अनिल चौधरी ने आरोप लगाया कि तुगलकाबाद में 1509 में बने गुरु रविदास मंदिर को भाजपा और आम आदमी पार्टी ने मिलकर डीडीए द्वारा तुड़वाया। कांग्रेस द्वारा प्रयासों के बाद सुप्रीम कोर्ट ने सरकार द्वारा मंदिर के पुनर्निर्माण के लिए तीन वर्ष पहले आदेश दिया था। प्रदेश अध्यक्ष ने सोमवार को वहां का दौरा कर कहा कि वहां मंदिर के नाम पर एक ईंट तक नहीं लगाई गई है। मंदिर स्थान पर सिर्फ पत्थरों के अवशेष हैं। उन्होंने कहा कि तुगलकाबाद में गुरु रविदास मंदिर बनाने के लिए एक समिति बनाई गई थी, मगर संत रविदास का मंदिर बनाने का कोई प्रयास ही नहीं किया गया। यदि दोनों राजनीतिक दलों की नीयत सही होती तो कोर्ट के आदेश के बाद 3 वर्षों में संत रविदास का मंदिर तुगलकाबाद में बन जाता। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने आगे कहा कि कांग्रेस पार्टी हमेशा दलितों के हितों की रक्षा करती आई है और तुगलकाबाद में गुरु रविदास बनवाने के लिए दलित समुदाय की लड़ाई लड़ेगी।